**केन्द्रीय विद्यालय संघटन मुंबई संभाग**

**अभ्यास परीक्षण परीक्षा- कक्षा दसवीं 2020-21**

विषय: हिन्दी 'अ'(कोड-002) अधिकतम अंक: 80

कक्षा: दसवीं निर्धारित समय: 3 घंटे

सामान्य निर्देश : 1] इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं -खंड '**अ**' और खंड **'ब'**

अ] खंड '**अ**' में वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं|

ब] खंड '**ब**' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं|

2] दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

**खंड -अ [वस्तुपरक -प्रश्न]**

**(अपठित अंश) 10 अंक**

**प्रश्न 1. नीचे 2 गद्यांश दिए गए है| किसी1गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5×1= 5**

**गद्यांश - I**

**यदि आप इस गद्यांश का चयन करते है तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं |**

बाज़ार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह काम करता है। वह रूप का जादू है, पर जैसे चुंबक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो और मन खाली हो, तो ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है। जेब खाली पर मन भरा हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार है कि अनेकानेक चीज़ों का निमंत्रण उस तक पहुँच जाएगा। कहीं उस वक्त जेब भरी हुई, तब तो फिर यह मन किसकी मानने वाला है। लगता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान ज़रूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है। पर यह सब जादू का असर है। जादू की सवारी उतरी कि पता चलता है कि फैंसी चीज़ों की बहुतायत आराम में मदद नहीं करती, बल्कि हमारे आराम में खलल ही डालती है। थोड़ी देर को स्वाभिमान को ज़रूर स्पर्श मिल जाता है, पर इससे अभिमान की गिल्टी को और खुराक ही मिलती है। जकड़ रेशमी डोरी की हो, तो रेशम के स्पर्श के मुलायम होने के कारण क्या वह कम जकड़ होगी?

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए:-**

**1] बाजार का असर सबसे ज्यादा होता है, जब-**

(क) जेब और मन दोनों खाली हो (ख) जेब भरी हो और मन खाली हो

(ग) जेब भरी हो और मन भी भरा हो (घ) जेब खाली और मन भरा हो

**2] फैंसी चीजें खरीदने से-**

(क) आराम में बाधा पहुंचती है (ख) स्वाभिमान को सेंक मिलती है

(ग) हम घमंडी हो जाते हैं। (घ) 'क' और 'ख' दोनों

**3] बाज़ार और चुंबक में क्या समानता है?**

(क) दोनों पैसे से मिलते हैं (ख) दोनों आनंद प्रदान करते हैं

(ग) दोनों अपनी ओर आकर्षित करते है (घ) दोनों कष्ट पहुँचाते हैं

**4] उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है**

(क) चुंबक की बातें (ख) बाज़ार की बातें

(ग) जादू की बातें (घ) रेशमी डोरी

**5] गद्यांश के अनुसार बाज़ार जाना चाहिए**

(क) खाली मन से (ख) मन में सोच-समझकर

(ग) किसी भी स्थिति में (घ) खूब रुपया साथ लेकर

**अथवा गद्यांश II**

**यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं |**

'साँच बराबर तप नहीं सूक्ति में सत्य की महत्ता को स्वीकारा गया है। सच के मार्ग पर चलना अपने आप में तप है। तप का अर्थ है 'तपना'। सच का मार्ग सदैव कटीला होता है, कठिन होता है। तप करने की ताकत रखने वाला ही इस पर चल सकता है। तप वही कर सकता है, जिसका हृदय साफ़, निष्पाप व एकाग्रचित हो। 'सत्य' मानव हृदय के गौरव का प्रतीक है। सच बोलने वाले के मुख पर एक अलग तरह का तेज़ रहता है, ओज रहता है। ऐसा व्यक्ति निडर होता है व लोगों के दिल में जगह बनाता है। अप्रिय सत्य मनुष्य को कभी नहीं बोलना चाहिए। सत्य, असत्य की परिभाषा अपने आप में कुछ नहीं, परंतु दूसरों की भलाई व कल्याण के लिए बोला गया बड़े बड़ा-से-झूठ भी सत्य है और वास्तविक सत्य जो दूसरों को कठिनाई में डाल दे, बोला जाए, तो वह झूठ की परिधि में आता है। सत्य का पालन करे हैं लिए सत्यवादी हरिश्चंद्र अपने पूरे जीवन को तपस्वी की तरह जीने पर मज़बूर हुए। तप और सत्य मिलकर मानव जीवन को विकास की राह पर अग्रसर करते हैं। सत्य की प्राप्ति ही कठोरतम तप है| यह संसार का वह सर्वोत्तम धर्म है, जिसके बिना जीवन सारहीन हो जाता है। सत्य अटल है। लाख झूठ भी उसके समक्ष टिक नहीं सकते। झूठ बुलबुले की भाँति है, जिसका अस्तित्व क्षणिक है। सच स्थायी है, चिरंतन है| एक सच को छुपाने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं और अंत में सौ झूठों का आवरण भेद कर सत्य बाहर निकल ही आता है। सत्य से व्यक्ति जितना मुँह मोड़ता है, वह उतना पल-पल में सामने आता है। कठिन अवश्य है मार्ग तप का, सत्य का मार्ग, परंतु कल्याणकारी है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -**

**1] 'सच' का मार्ग कैसा होता है?**

(क) कटीला और कमजोर (ख) काँटों से भरा एवं सरल

(ग) कटीला और आसान (घ) काँटों से भरा एवं कठिन

**2] तप कैसा व्यक्ति कर सकता है?**

(क) जिसका दिमाग एकाग्रचित, कुशाग्र एवं निष्पाप हो

(ख) जिसका हृदय निष्पाप, एकाग्रचित एवं साफ़ हो

(ग) जिसका हृदय संयमी, सत्यवादी एवं निष्पाप हो

(घ) जिसका दिमाग तीव्र, कुशाग्र एवं एकाग्रचित हो

**3] सच बोलने वाले की क्या पहचान है?**

(क) निडर,साहसी एवं परोपकारी

(ख) निडर, परोपकारी एवं पक्षपात करने वाला

(ग) पक्षपात न करने वाला, साहसी एवं कुशल वक्ता

(घ) निडर, सबका प्रिय एवं मुख पर विशेष तेज़

**4] मानव जीवन के विकास की राह को आगे बढ़ाते हैं-**

(क) स्वास्थ्य और तप (ख) सत्य और तप

(ग) तप और संयम (घ) संयम और सत्य

**5] 'सच और 'झूठ' में क्या अंतर है ?**

(क) झूठ एक बार बोलना पड़ता है और सच सौ बार

(ख) सच बुलबुले की तरह क्षणिक है और झूठ चिरंतन व स्थायी है

(ग) झूठ बुलबुले की तरह क्षणिक है और सच चिरंतन व स्थायी है

(घ) सच बोलने में खतरा अधिक होने पर झूठ बोलना सत्य ही कहलाता है

## अपठित पद्यांश

**प्रश्न 2. नीचे 2 पद्यांश दिए गए है| किसी 1 पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसपर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 5×1=5**

**पद्यांश - I**

**यदि आप इस पद्यांश का चयन करते है तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखेँ कि आप प्रश्न संख्या 2 में दिए गए पद्यांश-I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं|**

जड़ दीप तो देकर हमें आलोक जलता आप है,
पर एक हममें दूसरे को दे रहा संताप है।
क्या हम जड़ों से भी जगत में है गए बीते नहीं?
हे भाइयों! इस भाँति तो तुम थे कभी जीते नहीं।
हमको समय को देखकर ही नित्य चलना चाहिए,
बदले हवा जब जिस तरह हमको बदलना चाहिए|
विपरीत विश्व-प्रवाह के निज नाव जा सकती नहीं,
अब पूर्व की बातें सभी प्रस्ताव पा सकती नहीं।
है बदलता रहता समय, उसकी सभी बातें नई,
कल काम में आती नहीं है आज की बातें कई
है सिध्दी-मूल यही कि जैसा प्रकृति का रंग हो
तब ठीक वैसा ही हमारा कार्य-कृति का ढंग हो|

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -**

**1] दीपक की विशेषता है-**

(क) बह बेजान होता है। (ख) वह तेल के बिना जल सकता है।
(ग) वह कष्ट सहकर दूसरों को प्रकाश देता है। (घ) वह अपने आप ही जलता है।

**2] कवि मनुष्य को बेजान पदार्थों से भी हीन बता रहा है, क्योंकि वह-**

(क) झगड़ालू है। (ख) स्वार्थी है।
(ग) दूसरों को दुख देता है। (घ) दूसरों को सुख देता है।

**3] कवि समय के साथ चलने की प्रेरणा दे रहा है-**

(क) स्वयं को आधुनिक सिद्ध करने के लिए (ख) प्रशंसा प्राप्त करने के लिए

(ग) उन्नति के लिए (घ) परंपरा निर्वाह के लिए

**4] 'विश्व-प्रवाह' द्वारा कवि का संकेत है**

(क) वर्षा और बाढ़ में डूबना-बहना (ख) विश्व पर यूरोप का प्रभाव

(ग) विश्व की प्रसिद्ध सभ्यताओं का लुप्त होना (घ) विज्ञान के कारण होने वाले परिवर्तन

**5] मनुष्य की कार्य-कृति का ढंग होना चाहिए :**

(क) अपने सामर्थ्य के अनुसार (ख) अपनी स्वार्थ सिध्दी के अनुसार

(ग) समाज में हो रहे परिवर्तन के अनुसार (घ) अपनी आवश्यकता के अनुसार

**गद्यांश - ll**

**यदि आप इस पद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखेँ कि आप प्रश्न संख्या 2 में दिए गए पद्यांश-ll पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं |**

'कुछ भी बन, बस कायर मत बन!'
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन!
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ले-देकर जीना क्या जीना
कब तक गम के आँसू पीना
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगों तक खून-पसीना।
कुछ न करेगा? किया करेगा-
रे मनुष्य बस कातर क्रंदन!
कुछ भी बन
'युद्धं देहि' कहे जब पामर
या तो जीत प्रीत के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर!
प्रतिहिंसा भी दुर्बलता है
पर कायरता अधिक अपावन

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए:-**

**1] कवि किसको ठोकर मारने के लिए कहता है?**

(क) कायरों को (ख) रास्ते की बाधाओं को
(ग) माथा पटकने वालों को (घ) पर्वतों के पत्थरों को

**2] ले-देकर जीने से क्या तात्पर्य है ?**

(क) खरीद-फरोख्त करना (ख) समझौता करना
(ग) दुःखों को हटाना (घ) सुखों को प्राप्त करना

**3] पर कायरता अधिक अपावन' में 'अपावन' शब्द का क्या अर्थ है?**

(क) अपवित्र (ख) अस्वच्छ

(ग) अलौकिक (घ) निकृष्ट

**4] जब कोई नीच युद्ध के लिए ललकारे, तो कवि सलाह देता है?**

(क) उससे 'जैसे को तैसा' व्यवहार करें। (ख) उसे प्यार से वश में करें।

(ग) उसका हौसला बढ़ाएँ। (घ) उससे मुँह फेरकर चल दें।

**5] 'मानवता से सींचा तुझको' से क्या तात्पर्य है?**

(क) कायर का जीवन व्यर्थ है। (ख) तुझ में शक्ति और साहस भरना है।

(ग) विनम्रता और कायरता भिन्न-भिन्न है| (घ) तुझे विनम्र बने रहना चाहिए।

**व्यावहारिक व्याकरण (16अंक )**

**प्रश्न 3. निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4×1 =4**

1] 'जैसे ही गली में शोर हुआ ,वैसे ही लोग घरों से बाहर निकल आए '**- रचना के आधार पर वाक्य भेद है**

(क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) सरल वाक्य (घ) इनमें से नहीं

**2]** 'मेरा एक बहुत अच्छा मित्र था,जो विदेश चला गया' **इस वाक्य का सरल वाक्य रूपांतरण होगा?**

(क) मेरा एक बहुत अच्छा मित्र था, लेकिन वह विदेश चला गया |

(ख) जो विदेश चला गया वह मेरा अच्छा मित्र था ।

(ग) मेरा एक बहुत अच्छा मित्र विदेश चला गया |

(घ) मेरा एक अच्छा मित्र था किन्तु वह विदेश चला गया |

**3]** 'राम कहता है कि मैं ग्वालियर चला जाऊँ '- **रेखांकित उपवाक्य का भेद है?**

(क) संज्ञा उपवाक्य|

(ख) सर्वनाम आश्रित उपवाक्य|

(ग) क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य|

(घ) विशेषण आश्रित उपवाक्य|

**4]** निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है ?

(क) वे घर आ गए हैं किन्तु थोड़ी देर ही रुकेंगे |
(ख) यदि आप नहीं जानते हो तो मत बोलो |
(ग) आज परीक्षा है इसलिए विद्यालय जा रहा हूँ |
(घ) वह बाजार गया और केले लाया |

**5**] निम्नलिखित में सरल वाक्य है ?

(क) उसे फल खरीदने थे इसलिए वह बाजार गया|

(ख) जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी रहते हैं|

(ग) नीरजा ने ऐसी कहानी सुनाई कि नमिता रो पड़ी|

(घ) झूठ बोलने वाले व्यक्ति पर कोई विश्वास नहीं करता|

**प्रश्न 4. निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4×1 =4**

1] **इस वाक्य का वाच्य लिखिए** -‘ कवि कविताएँ सुनाता है |’

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से नहीं

2] ‘माली द्वारा उद्यानों में पौधे लगाए गए |’- **वाक्य में प्रयुक्त वाच्य पहचानिए**

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) इनमें से नहीं

3] घायल व्यक्ति चल नहीं सकता- **प्रस्तुत वाक्य को भाववाच्य में बदलिए |**

(क) व्यक्ति घायल था इसलिए चल नहीं पाता (ख) घायल नहीं चल सकेंगे |

(ग़) घायल व्यक्ति से चला नहीं जाता (घ) घायल व्यक्ति कभी चल नहीं पाते |

4] निम्नलिखित वाक्यों में से कर्तृवाच्य वाला वाक्य छांटकर लिखिए-

(क) उठो,इधर-उधर घूमा जाए |

(ख) किसान ने खेत की जुताई की |

(ग) विभोर से हँसा जाता है |

(घ) अनीता द्वारा सब्जियाँ खरीदी गई |

5] **कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य में बदलिए** - ‘ड्राइवर के द्वारा ब्रेक लगाए गए’

(क) ड्राइवर ने ब्रेक लगाए |

(ख) ड्राइवर द्वारा ब्रेक लगाए गए |

(ग) ड्राइवर ने ब्रेक नहीं लगाए |

(घ) इनमें से कोई नही |

**प्रश्न 5. निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **4×1=4**

**1**] रेखांकित पद का परिचय दीजिए- 'माँ की इच्छा थी कि उनका <u>बेटा</u> वकील बने|'

(क) भाववाचक संज्ञा, एकवचन ,पुल्लिंग , कर्ता कारक |

(ख) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक ।

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा , एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक ।

(घ) गुणवाचक विशेषण , क्रिया विशेषण ,पुल्लिंग ,एकवचन, भविष्यकाल |

**2**] 'मैंने एक बहुत <u>लंबे</u> व्यक्ति को देखा' -रेखांकित पद का परिचय दीजिए-

(क) परिमाणवाचक विशेषण , एकवचन, पुल्लिंग, 'व्यक्ति' विशेष्य।

(ख) गुणवाचक विशेषण ,एकवचन , पुल्लिंग,'व्यक्ति' विशेष्य |

(ग) गुणवाचक विशेषण ,एकवचन , स्त्रीलिंग ,'व्यक्ति' विशेष्य |

(घ) प्रविशेषण ,एकवचन ,पुल्लिंग , 'व्यक्ति' विशेष्य ।

**3**] <u>निर्धन</u> व्यक्ति कठोर परिश्रम कर रहा है |- रेखांकित पद का परिचय दीजिए-

(क) गुणवाचक विशेषण , पुल्लिंग, एकवचन, 'व्यक्ति' विशेष्य ।

(ख) जातिवाचक संज्ञा , एकवचन ,पुल्लिंग, 'कर रहा है' क्रिया का करता |

(ग) भाववाचक संज्ञा, एकवचन ,पुल्लिंग , कर्ता कारक ।

(घ) गुणवाचक विशेषण ,अनेकवचन ,स्त्रीलिंग |

4] <u>वह</u> पत्र लिखता है - रेखांकित पद का परिचय दीजिए-

(क) सार्वनामिक विशेषण ,एकवचन ,पुल्लिंग , 'पत्र' विशेष्य ।

(ख) सर्वनाम ,अनिश्चयवाचक सर्वनाम ,बहुवचन ,कर्ताकारक ।

(ग) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।

(घ) पुरुषवाचक सर्वनाम ,एकवचन ,पुल्लिंग, कर्ताकारक |

5] भागकर जाओ <u>और</u> बाजार से कुछ तो लाओ | रेखांकित पद का परिचय दीजिए-

(क) सकर्मक क्रिया ,पुल्लिंग,एकवचन ,दो क्रियाओं को जोड़ने का प्रकार्य |

(ख) संबधबोधक अव्यय ,दो शब्दों को जोड़ने का प्रकार्य |

(ग) समुच्चयबोधक अव्यय,'भागकर जाओ; 'बाजार से कुछ तो लाओ' दो वाक्यों को जोड़ने का कार्य |

(घ) निश्चयवाचक सर्वनाम,अन्यपुरुष,पुल्लिंग,एकवचन , दो वाक्यों को जोड़ने का कार्य |

**प्रश्न 6. निम्नलिखित 5 में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4×1=4**

1] 'क्रोध' की अधिकता में किस रस की निष्पत्ति होती है?

(क) भयानक (ख) वीर

(ग) रौद्र (घ) वीभत्स

2] 'जुगुप्सा 'किस रस का स्थायी भाव है ?

(क) हास्य (ख) अद्‌भुत

(ग) वीभत्स (घ) करुण

3] श्री कृष्ण के सुन वचन, अर्जुन क्रोध से जलने लगे I

सब शील अपना भूल कर, करतल युगल मलने लगे ।।- इन काव्य पंक्तियों में रस पहचानिए-

(क) भयानक (ख) रौद्र रस

(ग) शांत (घ) भक्ति रस

4] एक मित्र बोले ' लाला तुम किस चक्की का खाते हो?

इतने महँगे राशन में भी, तुम तोंद बढ़ाए जाते हो|' -**रस पहचानिए |**

(क) अद्‌भुत रस (ख) करुण रस

(ग) हास्य रस (घ) वीर रस

5] निसि दिन बरसत नैन हमारे।

सदा रहति पावस ऋतु हमपे, जबते स्याम सिधारे।-**रस पहचानिए |**

(क) संयोग शृंगार (ख) वात्सल्य रस

(ग) वियोग शृंगार (घ) भक्ति रस

**पाठ्य-पुस्तक [14 अंक]**

**प्रश्न 7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थ सबसे उचित विकल्प लिखिए |**

**5×1=5**

बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। वह हर वर्ष गंगा स्नान करने जाते | स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते, जितना संत-समागम और लोक -दर्शन पर। पैदल ही जाते | करीब तीस कोस पर गंगा थी, साधु को हक लेने का क्या? और, गृहस्थ किसी से भिक्षा क्यों माँगे? अतः घर से खाकर चलते, तो फिर घर पर ही लौटकर खाते। रास्ते भर खँजड़ी बजाते, गाते, जहाँ प्यास लगती, पानी पी लेते। चार-पाँच दिन आने-जाने में लगते; किंतु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती किंतु टेक अब बुढ़ापा आ गया था ! वही जवानीवाली। इस बार लौटे तो तबीयत कुछ सुस्त थी। खाने-पीने के बाद भी तबीयत नहीं सुधरी, थोड़ा बुखार आने लगा | किन्तु नेम-व्रत तो छोड़ने वाले नहीं थे| वही दोनों जून गीत, स्नानध्यान, खेतीबारी देखना। दिन-दिन छीजने लगे| लोगों ने नहाने-धोने से मना किया,आराम करने की कहा किंतु हँसकर टाल देते रहे। उस दिन भी संध्या में गीत गाए, किंतु मालूम होता है, जैसे तागा टूट गया हो, माला का एक-एक दाना बिखरा हुआ | भोर में लोगों ने गीत नहीं सुना,जाकर देखा तो बालगोबिन भगत नहीं रहे सिर्फ उनका पंजर पड़ा है !

**1**] बालगोबिन भगत प्रतिवर्ष गंगास्नान करने क्यों जाते थे-?

(क) गंगा स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने (ख) सच्चे साधकों से मिलने की इच्छा से

(ग) उनके घर की परम्परा निभाने के लिए (घ) क्योंकि वे हमेशा से जाते रहे है

**2**] बालगोबिन जी गंगायात्रा के दौरान उपवास क्यों रखते-? उनका मानना था कि-

(क) साधु को संबल नहीं लेना चाहिए (ख) गृहस्थ को भिक्षा नहीं मांगनी चाहिए

(ग) केवल 'क' पर्याय सही (घ) 'क' तथा 'ख' दोनों पर्याय सही

**3**] बालगोबिन भगत उपवास का पालन किस प्रकार करते?

(क) साबूदाना खिचड़ी खाकर (ख) घर से खाकर चलते तो घर लौटकर ही खाते

(ग) एक वक्त खाकर और पानी पीकर (घ) इनमें से नहीं

4] बालगोबिन भगत की तबीयत बिगड़ने का क्या कारण था?

(क) वृद्धावस्था में उपवास रखना (ख) प्रतिवर्ष गंगा-स्नान जाना

(ग) भजन गाना (घ) उनके बेटे की मृत्यु का दुःख

5] बालगोबिन के गीतों में कैसा भाव व्यक्त होता था?

(क) प्रभुमिलन का (ख) देशभक्ति का

(ग) वियोग का (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 2×1=2**

1] हालदार साहब किस बात पर दुखी हो गए ?

(क) दुनिया के स्वार्थी स्वभाव पर (ख) नेताजी की मूर्ति को देखकर

(ग) पान वाले को देखकर (घ) इनमें से कोई नहीं

2] फ़ादर ही चिंता हिंदी को किस रूप में देखने की थी ?

(क) राज्यभाषा (ख) राष्ट्रभाषा

(ग) जनभाषा (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तरार्थ सबसे उचित विकल्प लिखिए | 5×1=5**

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन!
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो
बादल, गरजो!

**1] निदाघ से जनजीवन पर क्या प्रभाव पड़ा था-?**

(क) सब लोग अति प्रसन्न नजर आने लगे (ख) लोग उत्सव मनाने लगे

(ग) लोग गर्मी की भीषणता के कारण व्याकुल हो गए (घ) इनमें से नहीं

**2] पद्यांश में बादल के किस रूप को चित्रित किया गया है?**

(क) लोकमंगलकारी और परोपकारी (ख) निर्मम और अन्यायी

(ग) विवादास्पद (घ) स्वार्थी और अहितकर

**3] कवि ने बादल का आह्वान क्यों किया है?**

(क) बादल को न बरसने के लिए (ख) तपती हुई धरती को जल से शांत करने के लिए

(ग) कवि को ऐसा करने में आत्म संतुष्टि मिली (घ) अपने व्रत को पूरा करने के लिए

**4] संसार के सभी लोग व्याकुल क्यों थे?**

(क) उन्हें कोई मार्ग नजर नहीं आ रहा था (ख) उन्हें ईश्वर का वरदान प्राप्त न हुआ था

(ग) गर्मी की भीषणता के कारण (घ) इनमें से नहीं

**5] 'धरा' शब्द का अर्थ क्या है?**

(क) ओज (ख) धारण करना (ग) धरती (घ) अग्नि

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए- 2×1=2**

**1**] लड़की की माँ को लड़की के किन दुखों की चिंता है?

(क) वास्तविक (ख) काल्पनिक (ग) संभावित (घ) इनमें से कोई नहीं

**2**] कवि की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है?

(क) वह जान बुझकर ऐसा कह रहा है (ख) प्रकृति के सौन्दर्य से अभिभूत होने के कारण

(ग) उसका अपनी आँखों पर नियंत्रण न था (घ) इनमें से कोई नहीं

**खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न**

**पाठ्य-पुस्तक एवं पूरकपाठ्य-पुस्तक 20अंक**

**प्रश्न11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:- 2×4=8**

i] "वो लंगड़ा क्या जाएगा फौज में| पागल है पागल!"- कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रया लिखिए |

ii] आशय स्पष्ट कीजिए - नम आँखों को गिनना स्याही फैलाना है|

iii]बिना विचार,घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती है| यशपाल के विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं?

iv] पाठ में आए उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिए जिनसे फ़ादर कामिल बुल्के का हिंदी प्रेम प्रकट होता है ?

**प्रश्न:- 12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए- 2×3=6**

i] गोपियों के अनुसार राज का धर्म क्या होना चाहिए?
ii] परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रिया हुई उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए|
iii] माँ को अपनी बेटी ' अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी?

**प्र:-13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 2 प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए- 3×2=6**

i] भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?
ii] "नयी दिल्ली में सब था.... सिर्फ नाक नहीं थी" इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते है?
iii] लोंग स्टॉक में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी?

**रचनात्मक लेखन (20 अंक )**

**प्रश्न14. निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर दिए गए संकेत- बिन्दुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:- 1×5=5**

क] विपत्ति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत
संकेतबिंदु- मनुष्य को मित्र की आवश्यकता,मित्र का चयन कैसे करे,सच्चे मित्र के गुण,मित्रता का निर्वाह,सच्चा मित्र कैसे बने,उपसंहार |
ख] व्यायाम और स्वास्थ्य
संकेत बिंदु - भूमिका, व्यायाम का महत्व,स्वास्थ्य पर प्रभाव, निष्कर्ष |

ग] जल प्रदूषण
संकेत बिंदु - प्रदुषण का अर्थ,जल प्रदूषण के कारण, परिणाम, उपाय, उपसंहार |

प्रश्न 15:- अपने पिता जी को पत्र लिखिए, जिसमें शैक्षिक यात्रा पर जाने की अनुमति तथा दो हजार रुपये माँगने का अनुरोध हो | **5**

**अथवा**

आपके नगर में अनाधिकृत मकान बनाए जा रहे हैं | इनकी रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए|

प्रश्न16. आप आपका मकान बेचना चाहते हैं| उसके मूल्य एवं अन्य खूबियों का उल्लेख करते हुए एक विज्ञापन तैयार कीजिए | **5**

**अथवा**

'शीतल' ए.सी. कंपनी के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए |

प्रश्न17. गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों के लिए एक संदेश लिखे |

**अथवा** **5**

मित्र /सहेली को उसके जन्मदिवस पर शुभकामना संदेश 30-40 शब्दों में लिखिए|